# भारतीय दृटिबाधित टीम ने किया जमकर अभ्यास



(फै)थ क्लब मैदान पर अभ्यास करती भारतीय दृटिबाधित टीम। ● सौ. आयोजक

**भोपाल(नप्र)।** राजधानी में भारत और बांग्लादेश की दृटिबाधित टीमों के बीच टी-20 और वनडे क्रिकेट मैचों की सीरीज 24 से प्रारंभ हो रही है। सीरीज फैथ क्लब मैदान पर 24 से 29 दिसंबर तक खेली जाएगी। भारतीय टीम भोपाल पहुंच गई है। मंगलवार को खिलाड़ियों ने अभ्यास किया। बांग्लादेश की टीम गुरुवार को राजधानी आएगी। भारतीय टीम के सदस्य सोनू गोलकर ने कहा कि टीम ने अभ्यास शुरू कर (दि)या है।

---

**ब्लाइंड क्रिकेट** • भारत-बांग्लादेश के बीच टी-20 और वनडे सीरीज

# राजधानी में कल से घुंघरू वाली प्लास्टिक बॉल की आवाज पर चौके-छक्के जमाएंगे बल्लेबाज

स्पोर्ट्स रिपोर्टर | भोपाल

राजधानी में शुक्रवार से एक अलग ही प्रकार की क्रिकेट खेली जाएगी। यह नॉर्मल क्रिकेट से थोड़ी हटकर होगी। इसमें घुंघरू भरी प्लास्टिक की 87 ग्राम वजनी गेंद पर शब्दभेदी बल्ला भांजकर बल्लेबाज रन चुराते नजर आएंगे। 40-45 की स्पीड से अंडर-आर्म बॉलिंग पर चौके का रोमांच भी होगा। यह सब देखने को मिलेगा भोपाल के फेथ क्रिकेट ग्राउंड पर जब यहां पर भारत-बांग्लादेश ब्लाइंड क्रिकेट सीरीज शुरू होगी। यह सीरीज भोपाल में पहली बार खेली जाएगी। इसके लिए भारतीय टीम दो दिन पहले भोपाल पहुंच चुकी है। जबकि मेहमान बांग्लादेश टीम गुरुवार को भोपाल पहुंचेगी। यहां पर तीन टी-20 और इतने ही वनडे मैच खेले जाएंगे। क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया (सीएबीआई) ने दोनों टीमें घोषित कर दी है। कर्नाटक के सुनील रमेश (बी3) को सौंपी गई है, जबकि उपकप्तान हरियाणा के दीपक मलिक (बी3) को बनाया गया है। इसमें मप्र के ओम प्रकाश भी चुने गए हैं। वे बी-1 कैटेगरी के खिलाड़ी हैं।

## प्रैक्टिस सेशन : सीरीज की तैयारी में जुटी भारतीय टीम



बुधवार को प्रैक्टिस सेशन के पूर्व एक्सरसाइज करते भारतीय ब्लाइंड टीम के खिलाड़ी।

### प्लइंग इलेवन में ऐसे चुने जाते हैं खिलाड़ी

अंतिम इलेवन में कम से कम चार बी-1 खिलाड़ी होना जरूरी है। बी-1 यानि कंपलीट ब्लाइंड। 3 खिलाड़ी बी-2 कैटेगरी के जरूरी है। बी-2 यानि तीन मीटर तक दिखता हो। इसके अलावा चार खिलाड़ी बी-3। बी-3 यानि छह मीटर तक दिखता हो।

### भारतीय टीम

**टी-20**

सुनील रमेश कप्तान (कर्नाटक) बी3, दीपक मलिक उप कप्तान (हरियाणा) बी-3, ओम प्रकाश (मध्यप्रदेश) बी1, कल्पेश निंबडकर (गुजरात) बी1, ललित मीणा (राजस्थान) बी1, ए वेंकटेश्वर राव, (आंध्र प्रदेश) बी1, प्रवीण कुमार शर्मा, (हरियाणा) बी1, डी वेंकटेश्वर राव (आंध्र प्रदेश) बी2, ए मनीष (केरल) बी2, इरफान दीवान (दिल्ली) बी2, नकुल बदनायक (ओडिशा) बी2, प्रकाश जयरामैया (कर्नाटक) बी3, दुर्गा राव (आंध्र प्रदेश) बी3, विजय कुमार (हिमाचल प्रदेश) बी3।

**वनडे**

सुनील रमेश कप्तान (कर्नाटक) बी3, दीपक मलिक उप कप्तान (हरियाणा) बी3, कल्पेश निंबडकर (गुजरात) बी1, ललित मीणा (राजस्थान) बी1, ए वेंकटेश्वर राव (आंध्र प्रदेश) बी1, सुजीत मुंडा झारखंड बी1, बसप्पा कर्नाटक बी1, डी वेंकटेश्वर राव (आंध्र प्रदेश) बी2, ए मनीष (केरल) बी2, लोकेश, रोहित शर्मा (हरियाणा) बी2, कर्नाटक बी2, प्रकाश जयरामैया (कर्नाटक) बी3, दुर्गा राव (आंध्र प्रदेश) बी3, विजय कुमार (हिमाचल प्रदेश) बी3।

---

# भारत-बांग्लादेश की ब्लाइंड क्रिकेट सीरीज 24 से

**भोपाल(नप्र)।** राजधानी के फैथ क्लब मैदान पर 24 से 29 दिसंबर तक भारत और बांग्लादेश के बीच ब्लाइंड क्रिकेट सीरीज आयोजित की जा रही है। भारत और बांग्लादेश के बीच तीन टी-20 और तीन एकदिवसीय मुकाबले खेले जाएंगे। सोमवार को टीम इंडिया आ चुकी है और तीन दिन तक अभ्यास शिविर करेगी। बांग्लादेश की टीम 23 दिसंबर को पहुंचेगी और उद्घाटन 24 दिसंबर को होगा और उसके बाद पहला टी20 मैच होगा।

---

भोपाल सिटी भास्कर 23-12-2021

CITY SPORTS

# भारतीय ब्लाइंड टीम ने बांग्लादेश को हराया

**भोपाल, 24 दिसंबर. भारतीय ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने प्रकाश जयरामैया ( 129* ) और डी वेंकटेश्वर राव ( 101* ) के नाबाद शतक की बदौलत तीन टी-20 मैचों की इंडसइंड**

## पहले टी-20 में 124 रनों से दी मात

**द्विपक्षीय सीरीज-2021 के पहले मैच में बांग्लादेश को 124 रन से हराकर धमाकेदार विजयी आगाज किया.**

भारत ने पहले खेलते हुए 3 विकेट पर 278 रन बनाए, जिसके जवाब में बांग्लादेश की टीम 5 विकेट खोकर 154 रन ही बना सकी. भारतीय टीम ने सीरीज में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली. दोनों टीम के बीच सीरीज का दूसरा टी-20 डे-नाइट मैच 25 दिसंबर को शाम 6 बजे से खेला जाएगा. इसमें मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश के राज्यपाल छगनभाई मंगूभाई पटेल उपस्थित रहेंगे. इससे पहले टूर्नामेंट का शुभारंभ मप्र राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का सदस्य प्रदीप पटेल (राज्यमंत्री दर्जा), पूर्व मंत्री व स्काउट गाइड के कमिशनर पारस जैन, सीएबीएमपी के अध्यक्ष डॉ. राघवेंद्र शर्मा, वरिष्ठ एडवोकेट रूपसिंह किरार और जनरल सेक्रेटरी व भारतीय खिलाड़ी सोनू गोलकर ने किया. फेथ क्रिकेट क्लब मैदान पर भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 278 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया.



भारत के सलामी बल्लेबाज मैन ऑफ द मैच प्रकाश जयरामैया ने 62 गेंद पर 26 चौकों की मदद से नाबाद 129 रन की शतकीय पारी खेली, जबकि वेंकटेश्वर राव ने 42 गेंद पर नाबाद 101 रन बनाकर तूफानी शतक जड़ा. राव ने 18 चौके व दो छक्कों की मदद से इतने रन बनाए. उपकप्तान दीपक मलिक ने 14 गेंद पर 28 रन बनाए. बांग्लादेश के गेंदबाज महिदुल इस्लाम साजिद ने 4 ओवर में 36 रन देकर दो विकेट निकाले, जबकि महमूद राशिद ने 3 ओवर में 43 रन देकर एक विकेट लिया.

· sports / पहला टी-20 क्रिकेट मैच

# भारत ने बांग्लादेश को 124 रनों से हराया

पत्रिका plus रिपोर्टर



**भोपाल.** भारतीय ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने मैन ऑफ द मैच प्रकाश जयरामैया (129) और डी वेंकटेश्वर राव (101) के नाबाद शतक की बदौलत तीन टी-20 मैचों की द्विपक्षीय सीरीज के पहले मैच में बांग्लादेश को 124 रन से हराकर विजयी आगाज किया।

भारत ने 3 विकेट पर 278 रन बनाए, जिसके जवाब में बांग्लादेश की टीम 5 विकेट खोकर 154 रन ही बना सकी। दूसरा टी-20 डे-नाइट मैच शुक्रवार को शाम-6 बजे से खेला जाएगा। फेथ क्रिकेट क्लब मैदान पर भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 278 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। भारत के सलामी बल्लेबाज मैन ऑफ द मैच प्रकाश जयरामैया ने 62 गेंद पर 26 चौकों की मदद से नाबाद 129 रन की शतकीय पारी खेली। जवाब में बांग्लादेश की टीम 5 विकेट खोकर 154 रन ही बना सकी। मोहम्मद अब्दुल(55 रन) व आरिफ उल्लाह (53 रन) ने टीम को अच्छी शुरुआत दी और पहले विकेट के लिए 118 रन की साझेदारी की, लेकिन बाकी के बल्लेबाज कमाल नहीं दिखा पाए।

# छोटे से गांव से भारतीय टीम तक का सफर

## सारंगपुर के कुपा के रहने वाले हैं दृष्टिबाधित खिलाड़ी ओमप्रकाश पाल

**ललित नारायण कटारिया ● भोपाल**

कुछ करने का जुनून हो तो हर मुश्किल राह भी आसान बन जाती है, ऐसी ही सफलता मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के छोटे से गांव कुपा के ओमप्रकाश पाल ने हासिल की है। 100 प्रतिशत दृष्टिबाधित व्यक्ति के लिए भारतीय टीम में शामिल होना नामुमकिन जैसा था, लेकिन क्रिकेट की चाहत और अपने सपने पूरे करने की जिद ने ओमप्रकाश का यह सपना तीन साल पहले पूरा कर लिया था, लेकिन दूसरा मुकाबला खेलने के लिए उन्हें तीन साल तक का लंबा इंतजार करना पड़ा। कोविड के कारण अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताएं नहीं हो सकी थी। ओमप्रकाश ने बताया कि देश के लिए खेलना हर भारतीय का सपना होता है, मुझे बचपन से क्रिकेट पसंद था। इंदौर में हेलन केलर स्पेशल स्कूल में प्रवेश के बाद मुझे खेलने का मौका मिला। यहां पर साथियों के साथ खेलना शुरू किया और धीरे धीरे जब भी मौका मिला अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की।



ओम प्रकाश ● नवदुनिया

### सोनू के चयन से उम्मीद जागी

ओमप्रकाश ने कहा कि मप्र के सोनू गोलकर का चयन जब पहली बार 2015 में चयन पहली बार भारतीय टीम में हुआ तो लगा कि हम भी कुछ कर सकते हैं। इसके बाद सोनू गोलकर ने भी मेरी क्रिकेट में बहुत मदद की, उन्हीं के मार्गदर्शन में मैंने आगे क्रिकेट खेलना जारी रखा, इसी साल मुझे मध्य प्रदेश टीम में खेलने का मौका मिला। लगातार अच्छे प्रदर्शन के बाद पुणे में आयोजित चयन ट्रायल में मेरा चयन नहीं हो सका।

इससे मैं निराश नहीं हुआ बल्कि और मेहनत की। इसी का नतीजा है कि 2018 में इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टीम में मुझे शामिल किया गया। इस टी-20 सीरीज में मुझे एक मैच खेलने का मौका मिला। वर्ल्ड कप खेलना और देश को जीत दिलाना है। ओमप्रकाश ने कहा कि अगले साल वर्ल्ड कप होना है, मेरा लक्ष्य भारतीय टीम में शामिल होना है और देश के लिए वर्ल्ड कप जीतना है। इसके लिए मैं पूरी तैयारी कर रहा हूं। पहले मैच में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा ओमप्रकाश ने कहा कि बहुत दिनों से इस मुकाबले का इंतजार था, लेकिन मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सका हूं। पहले बल्लेबाजी में शून्य पर आउट हो गया और बाद में गेंदबाजी भी कोई सफलता नहीं मिली।

ब्लाइंड क्रिकेट : पहले टी-20 में बांग्लादेश को 124 रन से हराया

# प्रकाश और वेंकटेश्वर के शतकों के दम पर टीम इंडिया की बड़ी जीत





# भारतीय ब्लाइंड टीम ने 3-0 से किया क्लीन स्वीप

**भोपाल @पत्रिका** . भारतीय ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज 3-0 से जीत ली। भारत ने बांग्लादेश को 20 ओवर में 8 विकेट पर 132 रन के स्कोर पर रोक दिया। जवाब में भारत ने 15.1 ओवर में छह विकेट खोकर जीत हासिल कर ली।


# भारतीय ब्लाइंड टीम ने 3-0 से किया क्लीन स्वीप

**भोपाल @पत्रिका** . भारतीय ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज 3-0 से जीत ली। भारत ने बांग्लादेश को 20 ओवर में 8 विकेट पर 132 रन के स्कोर पर रोक दिया। जवाब में भारत ने 15.1 ओवर में छह विकेट खोकर जीत हासिल कर ली।


# India beats Bangladesh by 4 wickets in 2nd ODI

- India's Venkateswara Rao hits a half-century, Sujit clinches two wickets
- Last ODI today

**Staff Reporter**



The team India squad that defeated the Bangladesh team in the second ODI.

TEAM India defeated Bangladesh by 4 wickets on Tuesday to register victory in the 2nd ODI of IndusInd Bilateral Series-2021 for the visually impaired.

With this victory, the Indian team took a 2-0 lead in the three-match series. The third and last ODI of the series will be played on December 29.

Due to bad weather, a 25 over match was played at Faith Cricket Ground. India won the toss and invited Bangladesh to bat first. Bangladesh scored a total of 196 runs at a loss of 7 wickets in 25 overs. Asmot Ali scored 44 runs off 44 balls and Captain Ashikur Rahman scored 31 runs in 30 balls with the help of four fours. At the same time, Abdul Jobir contributed 30 runs off 29 balls and Mahmood Rashid returned unbeaten at 27 runs off 33 balls. Meanwhile, the team gained 38 runs as extras.

Sujit Munda gave 22 runs in 2 overs and picked two wickets while Captain Sunil Ramesh, Lalit Meena and D Venkateshwara Rao clinched one wicket each.

Chasing the score, team India batted the required runs in 19.2 overs with the help of a half-century from D Venkateshwara Rao (50 off 33 balls). Rao hit 10 fours in the innings. Rohit Sharma scored 36 off 25 balls, Prakash Jayaramaiah made 31 off 25 balls, vice-captain Deepak Malik scored 29 off 14 balls and Lokesh, who was a century hero in the previous match, scored unbeaten 22 off 11 balls.

The Man of the match was awarded by Shubra Sharma and Bhomika Golkar.

The 3rd and Final Match will be played on Wednesday at Faith Cricket Club at 9.30 am.

# भारतीय ब्लाइंड क्रिकेट टीम की विजयी शुरुआत

**भोपाल।** भारतीय ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने सोमवार को इंडसइंड द्विपक्षीय सीरीज-2021 के पहले वनडे मैच में बांग्लादेश की टीम को 8 विकेट से हराकर विजयी शुरुआत की। इसके साथ ही टीम इंडिया ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली। सीरीज का दूसरा वनडे मैच 28 दिसंबर को सुबह 9:30 बजे से खेला जाएगा। राजधानी के फेथ क्रिकेट क्लब मैदान पर बांग्लादेश की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम का यह फैसला गलत साबित हुआ और टीम 40 ओवर में 264 रन पर सिमट गई। उसके लिए अब्दुल मलिक ने 78 गेंद पर 7 चौकों की मदद से 72 रन की पारी खेली। कप्तान अशिकुर रहमान ने 34 गेंद पर 5 चौकों की मदद से 46 और मोहम्मद सलमान ने 36 गेंद पर चार चौकों की मदद से 38 रन की पारी खेली। यह तीनों बल्लेबाज रनआउट हुए। टीम को अतिरिक्त के रूप में 41 रन मिले। भारत की ओर से सभी 11 खिलाड़ियों ने गेंदबाजी की। कप्तान सुनील रमेश, लोकेश, कल्पेश निंबडकर व विजय कुमार ने एक-एक विकेट झटका। जवाब में भारत की टीम ने लोकेश ने नाबाद शतक की बदौलत जरूरी रन 21.5 ओवर में ही 2 विकेट खोकर बना लिए। लोकेश ने 77 गेंद पर 23 चौकों की मदद से यह पारी खेली, जबकि कप्तान सुनील रमेश ने 35 गेंद पर 72 रन बनाकर जीत में योगदान दिया। उन्होंने पारी में 12 चौके व एक छक्का लगाया। टीम की झोली में अतिरिक्त के रूप में 25 रन आए। बांग्लादेश के मोहम्मद महमूद राशिद ने 5 ओवर में 59 रन देकर 2 विकेट झटके। मैन ऑफ द मैच लोकेश को चुना गया।

### टीम इंडिया ने टी-20 के बाद तीन मैचों की वनडे सीरीज भी 3-0 से जीती

# भारतीय ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने तीसरा और आखिरी वनडे 177 रन से जीता

युग प्रदेश, भोपाल



कप्तान सुनील रमेश (177) और दुर्गा रॉव (173) के धमाकेदार शतक की बदोलत भारतीय ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने बुधवार को इंडसइंड द्विपक्षीय सीरीज-2021 के तीसरे और आखिरी वनडे मैच में बांग्लादेश को 177 रन से करारी शिकस्त दी। तीनें मैचो की सीरीज में टीम इंडिया ने तीनो वनडे जीतकर बांग्लादेश का सफाया किया। भारत ने इससे पहले बांग्लादेश को तीन टी-20 मैचो की सीरीज में 3-0 से हराया था।

फेथ क्रिकेट क्लब मैदान पर टीम इंडिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और निर्धारित 40 ओवर में उसने 5 विकेट खोकर 466 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम के कप्तान सुनील रमेश ने 76 गेंद पर 33 चौको की मदद से 177 रन की नाबाद पारी खेली। उनके अलावा दुर्गा रॉव ने 113 गेंद पर 26 चौको की सहायता से 173 रन बनाये। ए मनीष ने 49 गेंद पर 62 रन बनाये। उनकी इस पारी में 7 चौके शामिल रहें। ललित मीणा ने 6 गेंद पर 16 रन का योगदान दिया। बांग्लादेश के गेंदबाज मो. सलमान और अस्मोत अली ने 1-1 सफलता आसिल की। जबाव में बांग्लादेश की टीम 4 विकेट खोकर 289 रन बना सकी। उनके लिए मो. अब्दुल ने 129 गेंद पर 15 चौको की सहायता से नाबाद 138 रन बनाये, जबकि आरिफ उल्लाह ने 51 गेंद पर 47 रन बना सके। सलमान ने 31 गेंद पर 30 रन की पारी खेली। टीम को अतिरिक्त के रूप में 48 रन मिले। भारत ने बांग्लादेश को इस लक्ष्य तक पहुँचने से रोकने के लिए 10 गेंदबाजों का सहारा लिया। इनमें से कल्पेश निबाडकर ने सबसे ज्यादा 2 विकेट हासिल किये। ए. मनीष को 1 सफलता मिली।

# भारतीय ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने तीसरा और आखिरी वनडे 177 रन से जीता



भोपाल। कप्तान सुनील रमेष ;177द्ध और दुर्गा रॉव ;173द्ध के धमाकेदार शतक की बदोलत भारतीय ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने बुधवार को इंडसइंड द्विपक्षीय सीरीज 2021 के तीसरे और आखिरी वनडे मैच में बांग्लादेष को 177 रन से करारी षिकस्त दी। तीन मैचो की सीरीज में टीम इंडिया ने तीनो वनडे जीतकर बांग्लादेष का सफाया किया। भारत ने इससे पहले बांग्लादेष को तीन टी.20 मैचो की सीरीज में 3.0 से हराया था। फेथ क्रिकेट क्लब मैदान पर टीम इंडिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और निर्धारित 40 ओवर में उसने 5 विकेट खोकर 466 रन का विषाल स्कोर ख?ा किया। टीम के कप्तान सुनील रमेष ने 76 गेंद पर 33 चौको की मदद से 177 रन की नाबाद पारी खेली। उनके अलावा दुर्गा रॉव ने 113 गेंद पर 26 चौको की सहायता से 173 रन बनाये। ए मनीष ने 49 गेंद पर 62 रन बनाये। उनकी इस पारी में 7 चौके शामिल रहें। ललित मीणा ने 6 गेंद पर 16 रन का योगदान दिया। बांग्लादेष के गेंदबाज मोण् सलमान और अस्मोत अली ने 1.1 सफलता आसिल की। जबाव में बांग्लादेष की टीम 4 विकेट खोकर 289 रन बना सकी। उनके लिए मोण् अब्दुल ने 129 गेंद पर 15 चौको की सहायता से नाबाद 138 रन बनायेए जबकि आरिफउल्लाह ने 51 गेंद पर 47 रन बना सके। सलमान ने 31 गेंद पर 30 रन की पारी खेली। टीम को अतिरिक्त के रूप में 48 रन मिले। भारत ने बांग्लादेष को इस लक्ष्य तक पहुँचने से रोकने के लिए 10 गेंदबाजों का सहारा लिया। इनमें से कल्पेष निबाडकर ने सबसे ज्यादा 2 विकेट हासिल किये। एण् मनीष को 1 सफलता मिली।

### ब्लाइंड क्रिकेट... तीन मैचों की वनडे सीरीज 3-0 से जीती, टी-20 में भी किया था सफाया

# भारत की बांग्लादेश पर वनडे में 5वीं और ओवरआल 9वीं जीत

## कप्तान सुनील रमेश और दुर्गा राव ने जमाए शतक

स्पोर्ट्स रिपोर्टर | भोपाल




कप्तान सुनील रमेश (177) और दुर्गा राव (173) के धमाकेदार शतक की बदौलत भारतीय ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने बुधवार को तीसरे और आखिरी वनडे में बांग्लादेश को 177 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 3-0 से जीत ली। यह भारत की वनडे ब्लाइंड क्रिकेट में पांचवीं और ओवरआल नौवीं जीत है। इससे पहले भारत-बांग्लादेश चार वर्ल्डकप में आमने-सामने हुए थे। चारों में भारत जीता है। इनमें दो टी-20 और दो वनडे वर्ल्डकप थे। इससे पहले बांग्लादेश को तीन टी-20 मैचों की सीरीज में 3-0 से हराया था। भारत ने 40 ओवर में 5 विकेट पर 466 रन बनाए। सुनील और दुर्गा के अलावा मनीष ने62 रन बनाए। जबाव में बांग्लादेश की टीम 4 विकेट पर 289 रन बना सकी। उनके लिए मो. अब्दुल ने 129 गेंद पर 15 चौकों की सहायता से नाबाद 138 रन बनाए, जबकि आरिफ उल्लाह ने 51 गेंद पर 47 रन बना सके। भारत ने बांग्लादेश को इस लक्ष्य तक पहुंचने से रोकने के लिए 10 गेंदबाजों का सहारा लिया। जिसमें दो ही गेंदबाजों को विकेट मिल सके।

# वनडे सीरीज में भारतीय ब्लाइंड टीम ने बांग्लादेश का किया सूपड़ा साफ

### भारत ने तीसरा और आखिरी वनडे 177 रन से जीता, सीरीज पर 3-0 से कब्जा

भोपाल, खेप्र। कप्तान सुनील रमेश (177) और दुर्गा रॉव (173) के धमाकेदार शतक की बदौलत भारतीय ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने बुधवार को तीन मैचों की वनडे सीरीज के अंतिम मैच में बांग्लादेश को 177 रन से करारी शिकस्त दी। इसी के साथ भारत ने वनडे सीरीज पर 3-0 से कब्जा किया। फेथ क्रिकेट क्लब मैदान पर टीम इंडिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में 5 विकेट पर 466 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम के कप्तान सुनील रमेश ने 76 गेंद पर 33 चौकों की मदद से 177 रन की नाबाद पारी खेली। उनके अलावा दुर्गा रॉव ने 113 गेंद पर 26 चौकों की सहायता से 173 रन बनाए। ए. मनीष ने 49 गेंद पर 62 रन बनाए। बांग्लादेश के मो. सलमान और अस्मोत अली को 1-1 सफलता हासिल हुई। जबाव में बांग्लादेश की टीम 4 विकेट खोकर 289 रन ही बना सकी। मो. अब्दुल ने 129 गेंद पर 15 चौकों की सहायता से नाबाद 138 रन बनाए। जबकि आरिफ उल्लाह ने 51 गेंद पर 47 रन बनाए। इसके अलावा कोई भी बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर पाए। सलमान ने 31 गेंद पर 30 रन की पारी खेली। भारत की ओर से कल्पेश निबाडकर ने सबसे ज्यादा 2 विकेट हासिल किये। ए. मनीष को 1 सफलता मिली।



**मैन ऑफ द मैच**
दुर्गा राव (भारत)

**मैन ऑफ द सीरीज**

| बी-1 | बी-2 | बी-3 |
|---|---|---|
| असमोट अली | अब्दुल अली | सुनील रमेश |



# भारतीय ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने आखिरी वनडे 177 रन से जीता

**भोपाल, 29 दिसंबर. कप्तान सुनील रमेश ( 177 ) और दुर्गा रॉव ( 173 ) के धमाकेदार शतक की बदोलत भारतीय ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने बुधवार को इंडसइंड द्विपक्षीय सीरीज-2021 के तीसरे और आखिरी वनडे मैच में बांग्लादेश को 177 रन से करारी शिकस्त दी.**

तीन मैचो की सीरीज में टीम इंडिया ने तीनो वनडे जीतकर बांग्लादेश का सफाया किया. भारत ने इससे पहले बांग्लादेश को तीन टी-20 मैचो की सीरीज में 3-0 से हराया था. फेथ क्रिकेट क्लब मैदान पर टीम इंडिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और निर्धारित 40 ओवर में उसने 5 विकेट खोकर 466 रन का विषाल स्कोर खड़ा किया. टीम के कप्तान सुनील रमेश ने 76 गेंद पर 33 चौको की मदद से 177 रन की नाबाद पारी खेली. उनके अलावा दुर्गा रॉव ने 113 गेंद पर 26 चौको की सहायता से 173 रन बनाये. ए मनीष ने 49 गेंद पर 62 रन बनाये. उनकी इस पारी में 7 चौके शामिल रहें.

# भारतीय ब्लांइड टीम ने किया क्लीन स्वीप

## बंगलादेश को वनडे में 3-0 से हराया




भोपाल । भारतीय ब्लाइंड टीम ने बंगलादेश को तीसरे वनडे में बुधवार को 177 रन के बड़े अंतर से हराकर तीन मैचों की सीरीज को 3-0 से क्लीन स्वीप कर लिया। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। ओपनर दुर्गा राव ने 113 गेंदों पर 173 रन और कप्तान सुनील रमेश ने 76 गेंदों में 177 रन ठोके। भारत ने निर्धारित 40 ओवरों में पांच विकेट पर 466 रन का विशाल स्कोर बनाया। बांग्लादेश की टीम ने नियमित अंतराल में विकेट गंवाए और उसे 177 रन से हार का सामना करना पड़ा। बांग्लादेश की तरफ से मोहम्मद अब्दिल मलिक ने 129 गेंदों पर 138 रन बनाये। दुर्गा राव मैन ऑफ द मैच बने। भारत ने इससे पहले बांगलादेश की टीम को टी 20 सीरीज में भी 3-0 से क्लीन स्वीप किया था।

p-blind cricket / चौथे वनडे में बांग्लादेश 177 रन से हारा

# टीम इंडिया ने किया क्लीन स्वीप




**भोपाल.** कप्तान सुनील रमेश (177) और दुर्गा रॉव (173) के धमाकेदार शतक की बदोलत भारतीय ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने बुधवार को द्विपक्षीय सीरीज के तीसरे और आखिरी वनडे मैच में बांग्लादेश को 177 रन से करारी शिकस्त दी। तीन मैचों की सीरीज में टीम इंडिया ने तीनों वनडे जीतकर बांग्लादेश का सफाया किया। भारत ने इससे पहले बांग्लादेश को टी-20 सीरीज में 3-0 से हराया था। एफसीसी में टीम इंडिया ने 40 ओवर में 5 विकेट खोकर 466 रन का स्कोर खड़ा किया। कप्तान सुनील ने 76 गेंद पर 33 चौको की मदद से 177 रन की नाबाद पारी खेली। दुर्गा रॉव ने 113 गेंद पर 26 चौको की सहायता से 173 रन बनाये। ए मनीष ने 62 रन बनाए। मो. सलमान और अस्मोत अली ने 1-1 विकेट लिए। जबाव में बांग्लादेश की टीम 4 विकेट खोकर 289 रन बना सकी। मो.अब्दुल ने नाबाद 138 रन बनाए। कल्पेश निबाडकर ने 2, मनीष को 1 सफलता मिली।

# ब्लाइंड क्रिकेट : टीम इंडिया ने 177 रन से जीता आखिरी वनडे

## टी-20 के बाद वनडे सीरीज में भी बांग्लादेश को 3-0 से किया क्लीन स्वीप

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल

editor@peoplessamachar.co.in




कप्तान सुनील रमेश (177) और दुर्गा रॉव (173) के धमाकेदार शतक की बदौलत भारतीय ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने बुधवार को इंडसइंड द्विपक्षीय सीरीज-2021 के तीसरे और आखिरी वनडे मैच में बांग्लादेश को 177 रन से करारी शिकस्त दी। 3 मैचों की सीरीज में टीम इंडिया ने तीनों वनडे जीतकर बांग्लादेश का सफाया कर दिया। भारत ने इससे पहले बांग्लादेश को टी-20 मैचों की सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया था।

फेथ क्रिकेट क्लब मैदान पर टीम इंडिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में उसने 5 विकेट खोकर 466 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से कप्तान सुनील रमेश और दुर्गा रॉव के अलावा मनीष ने 62 रन का योगदान दिया। बांग्लादेश की ओर से मो. सलमान और अस्मोत अली ने 1-1 विकेट लिए। इसके जवाब में बांग्लादेश की टीम 4 विकेट खोकर 289 रन बना सकी। उनके लिए मो. अब्दुल ने नाबाद ने 138, आरिफ उल्लाह ने 47 और सलमान ने 30 रन की पारी खेली। भारत ने 10 गेंदबाजों का सहारा लिया। इनमें से कल्पेश निबाडकर ने 2 और मनीष ने 1 विकेट चटकाए।

# भोपाल में होगी भारत और बांग्लादेश के बीच सीरीज



भोपाल, राजधानी के खेल। क्रिकेट फेथ क्लब (एफसीसी) पर भारत और बांग्लादेश की नेत्रहीन क्रिकेट टीमों के बीच 24 दिसंबर से 3 टी-20 और 3 वनडे मैच की द्विपक्षीय सीरीज खेली जाएगी। भारत की मेजबानी में होने वाली इस सीरीज के लिए भारतीय टीम सोमवार को भोपाल पहुंच चुकी है, जबकि बांग्लादेश की टीम 23 दिसंबर को आएगी। टीम इंडिया तीन दिन तक अभ्यास करेगी। दोनों देशों के बीच 24 दिसंबर को सीरीज का पहला टी-20 खेला जाएगा। दूसरा और तीसरा टी-20 क्रमशः 25 व 26 दिसंबर को होगा। इसके बाद तीन वनडे मैचों की सीरीज होगी। पहला वनडे 27, दूसरा 28 और तीसरा मैच 29 दिसंबर को होगा। इससे पहले अक्टूबर-2018 में भेल मैदान में भारत-श्रीलंका सीरीज हुई थी।

हरिभूमि
ाल - गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि
2 Jan 2022

**अंधकार को हराने का हौंसला हो तो जीवन में कोई लक्ष्य असंभव नहीं**

# ओमप्रकाश के हौसलों की उड़ानः भारतीय ब्लाइंड क्रिकेट टीम के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बन सपना किया साकार

मुकेश शर्मा ▶▶।ब्यावरा





ऊंचे ख्वाबों के लिए दिल की गहराई से काम करना पड़ता है,यू ही नहीं मिलती सफलता किसी को, मेहनत की आग में दिन-रात जलना पड़ता है। राजगढ़ जिले की सारंगपुर तहसील के छोटे से गांव कूपा में रहने वाले 20 वर्षीय ओमप्रकाश की जिंदगी भी कुछ इसी तरह आगे बढ़ी है जिसमें कई तरह की परेशानियां आने पर भी लक्ष्य पाना ही उद्देश्य था।

परिवार में तीन भाइयों में से दो भाई जन्म से ही दृष्टिहीन है और ओम उनमें से सबसे छोटे है। शारिरिक विषमताओं में अपने आप को राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर पर ले जाना आसान नहीं होता फिर यदि बात जन्म से ही दृष्टिहीन जैसी समस्या से सामना करने की हो तो लक्ष्य और भी कठिन जान पड़ता है। बचपन से ही दृष्टिहीन माँ के बड़े बेटे दुर्गेश पाल और छोटे बेटे ओमप्रकाश भी बचपन से ही शत-प्रतिशत दृष्टिबाधित है परंतु ओम ने इसको बाधा न मानते हुए इससे हार नहीं मानी और इस अंधकार को पीछे छोड़ने के लिए हमेशा आगे बढ़ने के लिए ठान लिया। परिवार ने भी अपने छोटे बेटे के सपनों को उड़ान देने के लिए उसका साथ दिया और इंदौर के नौलखा चैराहे पर स्थित हेलर-किलर ब्लाइंड स्कूल में ओम का एडमिशन हुआ। प्राथमिक शिक्षा के साथ उन्होंने अपना क्रिकेट खेलने का बहुत भी शौक भी पूरा करने के लिए स्कूल प्रबंधन को कई बार बोला वहीं स्कूल ने भी उनकी इस प्रतिभा को निखारने का काम किया और उन्हें ब्लाइंड क्रिकेट टीम के लिए तैयार किया। संभाग और स्टेट ,नेशनल खेलते हुए ओम आज अंतर्राष्ट्रीय ब्लाइंड क्रिकेट टीम में ऑलराउंडर के तौर पर अपना केरियर शुरू कर चुके है। इंदौर के नेशनल स्टूडेंट फॉर ब्लाइंड में अपनी आगे की पढ़ाई के साथ अपना अंतर्राष्ट्रीय ब्लाइंड क्रिकेट में केरियर सवांर रहे है।

## बचपन में गांव से ही सीखा क्रिकेट

गांव में रहने वाले उनके दोस्त लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा एवं उनके पिता बताते है कि ओम को बचपन से ही क्रिकेट का शौक था जिसको पूरा करने के लिए हम प्लास्टिक की बॉल के अंदर कंकड़ भर कर उसे जमीन पर लुढ़काते हुए बॉलिंग करते थे जिससे उसे आवाज भी सुनाई देती थी और वह उन गेंदों को बल्ले से मार पाता था और फील्डिंग होने पर उसे पकड़ भी पाता था। यही से उसे आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली।

बॉक्स- जुनून से हारा अंधकार प्रदेश से बने अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी

ओमप्रकाश बताते है कि 2013 में वेस्ट जोन के लिए ब्लाइंड क्रिकेट के लिए उनका सिलेक्शन हुआ। इसके बाद कई साल तक मध्यप्रदेश स्टेट का प्रतिनिधित्व किया। 2018 के वल्ड कप के लिए मैंने ट्राय किया परंतु दुर्भाग्य से मेरा सिलेक्शन नहीं हो पाया परंतु मुझे उम्मीद जागी थी की अब मैं इंडिया टीम को रिप्रजेन्ट कर सकूंगा। 2019 में इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टीम में चयनित हुए थे परंतु कोविड-19 के चलते मैच संभव नहीं हो पाए। अब 2 वर्ष बाद एक बार फिर भारतीय टीम में ओमप्रकाश को खेलने का मौका मिला। भोपाल में 24 दिसंबर 21 को आयोजित हुई भारतीय ब्लाइंड क्रिकेट टीम में बांग्लादेश के खिलाफ अपने केरियर का पहला टी 20 मैच खेल कर अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी बनें।

## मार्च 22 को दुबई में त्रिकोणीय क्रिकेट सीरीज में लेंगे हिस्सा!

तीन देशों के बीच मार्च 22 में होने जा रही त्रिकोणीय ब्लाइंड क्रिकेट सीरीज में भी भाग लेगें। पाकिस्तान,इंडिया और न्यूजीलैंड के बीच होने वाली यह सीरीज ओमप्रकाश के लिए किसी सपने से कम नहीं है। उन्होंने बताया की इस सीरीज में जाने के पहले दिल्ली में होने वाली जोनल टूर्नामेंट में दुबई जाने वाली टीम का चयन होगा।